## विषय : सामाजिक विज्ञान **Set-C**

**निर्देश**—सभी प्रश्न हल कीजिए।

1. (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न (सही विकल्प चुनकर लिखिए) :

(i) प्रथम विश्व युद्ध में कब रूस अलग हुआ ?
(अ) 1914 (ब) 1917
(स) 1918 (द) 1919

(ii) संयुक्त राष्ट्रसंघ की स्थापना कब हुई ?
(अ) 24 अक्टूबर, 1945 (ब) 10 जनवरी, 1920
(स) 10 दिसम्बर, 1948 (द) 20 जनवरी, 1947

(iii) भारत के सबसे प्राचीन वेद का नाम है :
(अ) यजुर्वेद (ब) सामवेद
(स) अथर्ववेद (द) ऋग्वेद

(iv) छत्तीसगढ़ सूचना आयोग का मुख्यालय कहाँ है ?
(अ) बिलासपुर (ब) भिलाई
(स) रायपुर (द) भोपाल।

(v) निम्नलिखित में से कौन-सा जनसंख्या वृद्धि का कारण नहीं है ?
(अ) ऊँची जन्मदर (ब) बाल विवाह
(स) मृत्यु दर में कमी (द) शिक्षा का प्रसार।

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

(i) भारत में गरीबी का प्रमुख कारण ............ है।
(ii) भारत में ............ पंचवर्षीय योजना चल रही है।
(iii) 2001 जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या ............ थी।
(iv) परिवार कल्याण कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य ............ है।
(v) भारत में रेल इंजन बनाने का कारखाना ............ में है।

**निर्देश:** प्रश्न क्रमांक **2** से **9** तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 30 शब्द है)।

2. प्रथम विश्व युद्ध में शामिल देशों के नाम लिखिए।
3. सुरक्षा परिषद् के स्थायी सदस्यों के नाम लिखिए।
4. गुप्त काल के प्रमुख साहित्यकारों के नाम लिखिए।
5. आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित मठ कहाँ पर है ?
6. वर्तमान में छत्तीसगढ़ विधानसभा में कितने सदस्य हैं ?
7. क्रिमी लेयर से आप क्या समझते हैं ?
8. उपभोक्ता बचत का आधार क्या है ?
9. श्रम-विभाजन से आप क्या समझते हैं ?

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक **10** से **15** तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 50 शब्द है)।

10. शीत युद्ध के कोई **तीन** कारण लिखिए।
11. छत्तीसगढ़ में शासन करने वाले प्रमुख शासकों के नाम लिखिए।
12. नगरपालिका के कार्यों को लिखिए।
13. उपभोक्ता की बचत मापने की **तीन** कठिनाइयाँ लिखिए।
14. जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने के लिये प्रशासन द्वारा किये गये कोई **तीन** उपायों को लिखिये।
15. श्रम विभाजन से उपभोक्ताओं को होने वाले कोई **तीन** लाभ लिखिए।

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक **16** से **21** तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 75 शब्द है।)

16. कृषि-आधारित उद्योगों और खनिज-आधारित उद्योगों की तुलना कीजिए।

**अथवा**

जल विद्युत्-शक्ति उद्योग एवं तापीय विद्युत्-शक्ति उद्योग में अंतर स्पष्ट कीजिए।

17. द्वितीय विश्व युद्ध का आरंभ किस घटना से माना जाता है ?

**अथवा**

"वर्साय की संधि में द्वितीय विश्व युद्ध के बीज छुपे थे।" समझाइए।

18. भारतीय कृषि की कोई **चार** विशेषताएँ लिखिए।

**अथवा**

वनों से क्या लाभ है ? समझाइए।

19. संयुक्त राष्ट्रसंघ की स्थापना कब हुई ? उसके कोई **तीन** सिद्धांतों को लिखिए।

**अथवा**

सुरक्षा परिषद् के कोई **चार** कार्यों को लिखिए।

20. भारत में स्त्रियों की दयनीय स्थिति के कोई **चार** कारणों को लिखिए।

**अथवा**

भारत में महिलाओं की स्थिति सुधारने के कोई **चार** उपायों को लिखिए।

21. गरीबी से आप क्या समझते हैं ? गरीबी के प्रकारों को समझाइए।

**अथवा**

मूल्य वृद्धि से आप क्या समझते हैं ? मूल्य वृद्धि को रोकने के कोई **तीन** उपाय लिखिए।

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक **22** से **25** तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 100 शब्द है।)

22. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए :
(i) अंकलेश्वर (ii) डल झील
(iii) मुम्बई हाई (iv) कच्छ की खाड़ी
(v) कावेरी नदी

**अथवा**

(i) बैंगलुरु (ii) इंदिरा गाँधी नहर

(iii) कर्क रेखा (iv) अहमदाबाद

(v) ताप्ती नदी

23. साम्राज्यवाद से क्या आशय है ? साम्राज्यवाद के उदय के कोई **चार** कारण लिखिए।

**अथवा**

उपनिवेशवाद एवं नव-उपनिवेशवाद में अंतर लिखिए।

24. लोकसभा अध्यक्ष के कार्यों और शक्तियों को लिखिए।

**अथवा**

संसद् कार्यपालिका पर किस प्रकार नियंत्रण रखती है ? समझाइए।

25. ''ऊर्जा के अन्य साधनों की तुलना में जल विद्युत् अधिक महत्वपूर्ण है।'' समझाइए।

**अथवा**

''छत्तीसगढ़ खनिज सम्पदा में सम्पन्न है।'' स्पष्ट कीजिए।

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक **26** एवं **27** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 150 शब्द है।

26. भारत में कितने प्रकार के वन पाये जाते हैं ? किन्हीं **दो** का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

भूमि कटाव से आप क्या समझते हैं ? उसे रोकने के कोई **पाँच** उपायों का वर्णन कीजिए।

27. फासीवाद की कोई **छः** विशेषताएँ लिखिए और वर्णन कीजिए।

**अथवा**

नाजीवाद के कोई **छः** सिद्धांतों को लिखिए और वर्णन कीजिए।